शेरां वाली माँ चुन-चुन कलियाँ लाया

शेरांवाली माँ चुन-चुन कलियाँ लाया,
हारावाली माँ हार बना कर लाया॥

सब लाते मैया सोने का टीका,
मैया मेरी तो लाल रोली बिंदिया...-2
शेरांवाली माँ......

सब तो चढ़ाते मैया हार गुलेबंद,
मैया मेरा तो फूलों का हार.....-2
शेरांवाली माँ......

सब तो ओढ़ाते मैया शॉल दुशाले,
मैया मेरी तो लाल रंग चुनरी....-2
शेरांवाली माँ......

सब तो चढ़ाते मैया काजू और पिस्ता,
मैया मेरा तो हलुए का भोग बताशे...-2
शेरांवाली माँ......

सब चढ़ाते मैया मोहर अशर्फी,
मैया मेरा टके का है दान....-2
शेरांवाली माँ......

ऊँचे ऊँचे पर्वत मैया बना है मंदिर,
मैया देना तुम भक्ति का दान,
मैया देना तुम शक्ति का दान,
शेरांवाली माँ......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23840/title/sherawali-maa-chun-chun-kaliyan-laya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |